संक्षिप्त

पोर्टेबल सक्शन मशीन सप्रेम भेंट

शाहपुरा। शाहपुरा निवासी समाजसेवी प्रमोद कुमार टेलर द्वारा नगर परिषद सभापति बंशीधर सैनी एवं कंपाउंडर धर्मेंद्र टेलर की प्रेरणा से अपने माता-पिता स्वर्गीय सत्यनारायण टेलर एवं प्रेम देवी टेलर की स्मृति में उप जिला चिकित्सालय को दो कार्डियर मॉनिटर स्टैंड एवं पोर्टेबल सक्शन मशीन सप्रेम भेंट की गई। इस दौरान अस्पताल प्रशासन के द्वारा भामाशाह को माला पहनाते हुए प्रशस्ति पत्र भेंट कर सम्मान किया गया। इस अवसर पर चिकित्सा प्रभारी विनोद कुमार योगी, मुकेश टेलर, एडवोकेट कृष्ण कुमार टेलर, नवल टेलर, मनोज कुमार टांक, राजेश मंडोवरा, पंकज कुमावत, डॉ. जे.पी. योगी, स्टॉक इंचार्ज विनोद शर्मा, कंपाउंडर जुगल किशोर शर्मा आदि लोग मौजूद रहे।

पारीक को जयपुर रत्न अवार्ड से किया सम्मानित

निवाई। जीवन सुरक्षा एवं पर्यावरण रक्षा संस्था द्वारा आयोजित समारोह में विश्वास पारीक निवासी निवाई को जयपुर रत्न अवार्ड से सम्मानित किया गया। संस्था के संयोजक मोहनलाल शर्मा ने बताया की समारोह का शुभारम्भ सर्व ब्राह्मण महासभा के राष्ट्रीय अध्यक्ष सुरेश मिश्रा एवं क्लब के अध्यक्ष वीरेंद्र राठौड ने मां शारदे के चित्र के समक्ष दीप प्रज्जवलित करके किया। संस्था के अध्यक्ष पुरषोत्तम शर्मा ने बताया कि अपने क्षेत्र में बेहतरीन व उत्कृष्ट कार्य करने पर विश्वास पारीक को जयपुर रत्न अवार्ड से सम्मानित किया गया।

51 कुण्डीय श्रीराम महायज्ञ का शुभारम्भ

मालपुरा । क्षैत्र के अति प्राचीन मोहनगिरी पर्वत मे विराजित घाटी बालाजी मंदिर मे आयोजित नो दिवसीय 51 कुण्डीय श्रीराम महायज्ञ व रामदरबार प्राण प्रतिष्ठा समारोह का मंगलवार को हुआ शुभारम्भ, 1००8 मोती गिरी महाराज की प्रेरणा से आयोजित नो दिवसीय प्राण प्रतिष्ठा महोत्सव के अन्तर्गत प्रथम दिन महायज्ञ मे दसविध स्नान,पराश्रित हवन, जलयात्रा, मंडप प्रवेश,गणपति अर्चन व ब्रह्मण वर्णन जैसे धार्मिक अनुष्ठान का आयोजन हुआ। ऐतिहासिक कलश यात्रा मे हजारो महिलाओं ने सिर पर मंगल कलश धारण कर गाये मंगल गीत। हाथियो पर सवार मुख्य यजमान व बालाज ध्वज पर ग्रामीणो ने की पुष्पवर्षा। जगह-जगह किया गया भव्य स्वागत।

876 ग्राम अफीम सहित आरोपी गिरफ्तार

दूदू । निकटवर्ती मोखमपुरा थाने की पुलिस ने पुलिस प्रशासन द्वारा चलाए जा रहे हैं ऑपरेशन नॉकआउट अभियान के तहत एनडीपीसी एक्ट में कार्रवाई कर अवैध रूप से होटल की आड़ में अवैध मादक पदार्थ बेचते हुए व्यक्ति को गिरफ्तार कर 876 ग्राम अफीम बरामद कर सफलता प्राप्त की उप पुलिस अधीक्षक दीपक खंडेलवाल ने बताया कि पुलिस अधीक्षक ग्रामीण आनंद शर्मा के निर्देशानुसार अभियान चलाया जाकर कार्रवाई के दौरान थाना प्रभारी संजय मीणा की टीम ने राष्ट्रीय राजमार्ग पर गाडोता के पास संचालित हरिओम होटल के पास अवैध रूप से अफीम बिक्री कर रहे हैं आरोपी हनुमान प्रसाद जाट बाड़मेर को गिरफ्तार कर अफीम बरामद कर ली आरोपी से पुलिस पूछताछ कर रही है

प्राण प्रतिष्ठा समारोह सम्पन्न

दौसा। बिजली निगम के सामने स्थित आकड़ विहार कॉलोनी में नवनिर्मित हितेश्वर महादेव मंदिर में मूर्ति स्थापना व प्राण प्रतिष्ठा समारोह के धूमधाम से सम्पन्न हुआ। पं. गोपाल दत्त शास्त्री बिशनपुरा के सान्निध्य में विधि-विधान से प्रतिमाओं का पूजन तथा हवन किया गया। मुख्य यजमान राममनोहर आकड़ सहित अन्य श्रद्धालुओं ने शिव पंचायत, हनुमानजी व चौथा माता प्रतिमा की प्राण-प्रतिष्ठा कराई। इस दौरान मंदिर परिसर जयकारों से गूंजा उठा।

ज्ञापन सौंपा

निवाई। ग्रामीणों ने विधायक रामसहाय वर्मा को जोधपुरिया रोड से जगतपुरा तक सडक निर्माण करवाने व जगतपुरा गांव को जोधपुरिया गांव में ही रखने की मांग को लेकर ज्ञापन सौंपा है। ग्रामीण मनफूल गुर्जर, हरिनारायण गुर्जर, सीताराम गुर्जर, खुशीराम गुर्जर, रामअवतार गुर्जर, रामकरण गुर्जर, छीतरलाल गुर्जर व रेवतराम गुर्जर ने बताया कि जोधपुरियां रोड से जगतपुरा तक सडक नहीं होने से छात्र-छात्राओं, ग्रामीणों एवं राहगीरों को परेशानी का सामना करना पड रहा है।

'आमजन की परिवेदनाओं का प्राथमिकता से निस्तारण करें'

अलवर। जिला कलेक्टर डॉ. आर्तिका शुक्ला ने मंगलवार को वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से जिला स्तरीय अधिकारियों की मौजूदगी में समस्त उपखण्ड अधिकारियों सहित ब्लॉक स्तरीय अधिकारियों की साप्ताहिक समीक्षा बैठक लेकर अधिकारियों को निर्देश दिये कि केंद्र व राज्य सरकार की योजनाओं के सभी पात्र व्यक्तियों को लाभांवित कराने के साथ आमजन की परिवेदनाओं का प्राथमिकता से निस्तारण करें।

बैठक में जिला कलेक्टर ने एग्रीस्टैक योजना के तहत जिले में लगाए गए फार्मर रजिस्ट्री शिविरों की समीक्षा की। शिविरों में मंगला पशु बीमा योजना के शत-प्रतिशत लक्ष्य अर्जित करने पर उन्होंने पशुपालन विभाग के कार्यों की सराहना की। इसी प्रकार लक्ष्यों में अच्छी प्रगति अर्जित करने पर कृषि विभाग की भी सराहना की साथ ही पेंशन सत्यापन कार्य में अपेक्षाकृत कम प्रगति पर सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता विभाग के उप निदेशक को नाराजगी जाहिर करते हुए निर्देश दिये कि जिन 12 ग्राम पंचायतों में यह कैम्प आयोजित हो चुके हैं उनमें आगामी चार दिन में शत-प्रतिशत पेंशन सत्यापन कार्य पूर्ण कराने तथा जिले में शेष रहे सत्यापन कार्य को यथाशीघ्र पूर्ण कराना सुनिश्चित करें।

जिला कलेक्टर डॉ अर्तिका शुक्ला ने साप्ताहिक समीक्षा बैठक ली ।

जिला कलेक्टर ने समस्त उपखण्ड अधिकारियों को निर्देश दिये कि जिले में चल रहे गिरदावरी के कार्य को 5 मार्च तक शत-प्रतिशत पूर्ण करवाएं। इसके लिए प्रभावी मॉनिटरिंग करना सुनिश्चित करें। उन्होंने निर्देश दिये कि नियमानुसार ग्राम पंचायतों के पुनर्गठन के प्रस्ताव यथाशीघ्र भिजवाएं। उन्होंने निर्देश दिये कि जिन ग्राम पंचायतों में फार्मर रजिस्ट्री कैम्प आयोजित हो चुके हैं उनमें पुनः टीम भेजकर लक्षित सभी किसानों की आईडी आगामी चार दिवस में बनवाना सुनिश्चित करावे। उन्होंने निर्देश दिये कि एक सप्ताह के पश्चात पुनः सभी ब्लॉकों में फार्मर रजिस्ट्री कैम्प लगाए जाएंगे, अतः इसकी पूर्ण तैयारी करावे। साथ ही उन्होंने निर्देश दिये कि राजस्व से संबंधित सभी प्रकरणों का प्राथमिकता के साथ निस्तारण कराना सुनिश्चित करावे।

- **बैठक में प्रत्येक ब्लॉक में मनरेगा से पांच-पांच खेल मैदान के प्रस्ताव तैयार करने के कलेक्टर ने दिए निर्देश**

उन्होंने फार्मर रजिस्ट्री कैम्प में विगत एक सप्ताह के दौरान विकास अधिकारियों द्वारा अच्छी प्रगति की सराहना करते हुए निर्देश दिये कि जल संचय जन भागीदारी योजना के तहत प्रत्येक ग्राम पंचायत में अधिकाधिक जल संरक्षण के कार्य स्वीकृत कराकर उन्हें प्रारम्भ करावे। उन्होंने प्रत्येक ब्लॉक में 5-5 खेल मैदान मनरेगा से तैयार कराने के लिए प्रस्ताव तैयार करने के निर्देश दिये। उन्होंने एमजेएसए 0.2 के स्वीकृत कार्यों को प्रारम्भ कराने तथा वन क्षेत्र में स्वीकृत कार्यों को वन विभाग से समन्वय कर प्रारम्भ करने के निर्देश दिये।

लाडो की घोड़ी पर निकाली बिंदोरी

श्रीमाधोपुर। ग्राम हांसपुर की ढाणी डूंगरी वाली बेटी मनीषा स्वामी की घोड़ी पर बैठकर बिंदोरी निकाली। स्वामी परिवार की बेटी की घोड़ी पर बैठ कर बिंदोरी निकालकर संदेश दिया है कि लड़का लड़की में कोई भेद नहीं समझ कर एक ही माने। प्रेम देवी पत्नी स्वर्गीय मुरलीधर स्वामी निवासी हांसपुर ने बताया कि बेटा और बेटी में कोई फर्क नहीं समझ कर बेटों की तरह ही बेटी की घोड़ी पर बैठ कर बिंदोरी निकाली गई है। चाचा नारायण दास स्वामी ,रामावतार स्वामी, बंन्शीधर स्वामी ने बताया कि लाडो मनीषा को घोड़ी पर बैठाकर धूमधाम से डीजे के साथ बिंदौरी निकाली।

बेटियों को आगे बढ़ते देखकर बहुत खुशी होती है और इससे समाज में भी अच्छा संदेश जाता है अच्छी शिक्षा प्राप्त कर देश, समाज व परिवार का नाम रोशन कर सकें। सोहनलाल ने बताया कि स्वः छाजूराम के पुत्र विनोद कुमार निवासी हिसला थानागाजी के साथ विवाह है 15 फरवरी को होगा।

क्षेत्र में हो रही चोरियो को लेकर सौंपा ज्ञापन

पावटा। कस्बा राष्ट्रीय राजमार्ग 48 स्थित सीएचसी कट को खुलवाने व प्रागपुरा थाना क्षेत्र में हो रही चोरियों के खुलासे को लेकर पूर्व विधायक इंद्राज गुर्जर व सामाजिक कार्य कर्ता ओपी बायला के नेतृत्व में कोटपुतली बहरोड़ जिला कलेक्टर कल्पना अग्रवाल को ज्ञापन सौंपा। इस दौरान पूर्व विधायक इंद्राज गुर्जर ने बताया कि कस्बा राष्ट्रीय राजमार्ग 48 स्थित सीएचसी कट को एनएचएआई की टीम ने बंद कर दिया गया है, ताकि सड़क हादसों पर लगाम लग सके।लेकिन सीएचसीकट बंद होने के बाद आपातकालीन सेवाओं के लिए महज केवल सर्विस रोड ही बचता है। यहां पर हर समय एंबुलेंस व निजी वाहनों से गंभीर मरीजों का आना जाना रहता है। लेकिन दिन में बैंक के सामने व सर्विस रोड के दोनो तरफ लोग अपने वाहन खड़े कर देते हैं। जिससे यातायात व्यवस्था बाधित होती है। बंद किये गए कट को खुलवाने की मांग को लेकर व प्रागपुरा थाना क्षेत्र में आम लयोगों के घरों व दुकानों से चोरी की घटनाओं में उनकी गाढ़ी कमाई को चोर चुरा ले जा रहे हैं। चोरों की हरकतों से त्रस्त लोगो को चोरों की गिरफ्तारी कर मुक्ति दिलाने की मांग करते हुए कोटपुतली बहरोड़ जिला कलेक्टर कल्पना अग्रवाल को ज्ञापन सौंपा है। इस दौरान पूर्व विधायक इंद्राज गुर्जर, सामाजिक कार्यकर्ता ओपी बायला, किसान कांग्रेस मंडल अध्यक्ष सुनील अग्रवाल, ब्लॉक उपाध्यक्ष अजय सैनी, रिजवान कुरैसी, इरफ़ान कुरैसी सहित ग्रामीण मौजूद रहे।

क्षेत्र में हो रही चोरियों के खुलासे को लेकर जिला कलेक्टर कल्पना अग्रवाल को ज्ञापन सौंपा।

कन्या महाविद्यालय को क्रमोन्नत करने की मांग

श्रीमाधोपुर। राजकीय कन्या महाविद्यालय श्रीमाधोपुर को स्नातकोत्तर स्तर पर क्रमोन्नत करवाने एवं स्नातक स्तर पर विज्ञान संकाय खुलवाने की मांग का ज्ञापन नगरीय विकास एवं स्वायत शासन मंत्री के पुत्र अजय सिंह खर्रा को दिया गया।

प्राचार्य डॉ. सांवरमल जाट एवं महाविद्यालय की छात्राएँ मीनू कँवर, हर्षिता शर्मा, निकिता कुमावत, दिव्या खण्डेलवाल एवं मानवता के नेतृत्व में माननीय झाबर सिंह खर्रा यूडीएच मंत्री राजस्थान सरकार के निज आवास पर उनके पुत्र अजय सिंह खर्रा को ज्ञापन दिया गया ।प्राचार्य एवं छात्राओं ने बताया कि श्रीमाधोपुर विधानसभा क्षेत्र में राजकीय महाविद्यालय नहीं है जिस कारण से सत्र 2024-45 में अध्ययनरत बीए तृतीय वर्ष की छात्राओं को मजबूरन पढ़ाई छोड़नी पड़ेगी तथा स्नातक स्तर पर विज्ञान संकाय खुलवाया जाये।

खेल प्रतियोगिता के साथ भामाशाह सम्मान समारोह आयोजित

फुलेरा । कस्बे की बिचून सड़क के निकट स्थित विश्वकर्मा मन्दिर परिसर में अखिल भारतीय जांगिड़ ब्राह्मण महासभा तहसील फुलेरा के तत्वाधान में भगवान विश्वकर्मा जयंती पर दो दिवसीय समारोह आयोजित किये गये। जानकारी के अनुसार प्रातः 6 बजे मंगल आरती एवं 9 बजे हवन में पूर्णाहुति दी गई। इसके वहीं समाज की एक आम सभा पूर्व तहसील अध्यक्ष सोहन लाल जाला की अध्यक्षता में आयोजित हुई। जिसमें मन्दिर समिति के कोषाध्यक्ष कृष्ण कान्त जाला ने वार्षिक आय, व्यय का ब्यौरा प्रस्तुत किया। वहीं समिति सदस्यों ने समाज के सर्वांगण विकास के विषय पर अपने विचार रखे। इसके साथ ही समिति अध्यक्ष रविशंकर कौतुकथलिया (यादराम) ने समाज के लोगों से फुलेरा में सामूहिक विवाह सम्मेलन आयोजित करवाने के लिए सहमति मांगी। जिस पर सभी ने अपनी सहमती जताई।

- **विश्वकर्मा जयंती महोत्सव आयोजित**

वहीं मन्दिर परिसर में दोपहर 3 बजे भामाशाह सम्मान समारोह का आयोजन समिति अध्यक्ष रविशंकर कौतुकथलिया (यादराम) की अध्यक्षता में आयोजित किया गया। इस दौरान मुख्य अतिथि के रूप में कल्याणमल बूंदवाल रहे, विशिष्ट अतिथि के रूप में तहसील अध्यक्ष गुलाब चन्द हरसोलिया, पूर्व तहसील अध्यक्ष सोहन लाल जाला, जोबनेर तहसील अध्यक्ष शेष नारायण जांगिड़, नवयुवक मण्डल अध्यक्ष राजेन्द्र प्रसाद लावंडीवाल, महिला मण्डल अध्यक्ष संतोष देवी धामा, गौतम स्वरूप जांगिड़, राम प्रसाद बिंवाल, मदन लाल राजोतिया, राम गोपाल खुडानिया रहे। महिलाओं एवं बच्चों द्वारा विभिन्न प्रकार की प्रतियोगीताओं का आयोजन किया गया। जिसमें विजेताओं को पुरस्कृत किया गया।

इस दौरान मंच संचालन प्रमोद कुमार कोतुकथलिया व प्रेम प्रकाश जाला के द्वारा किया गया। इस अवसर पर छगन धामा, कृष्णकान्त जाला, चन्द्रकांत लावंडीवाल, मांगीलाल लावंडीवाल, रमेश चन्द कासलीवाल, चन्द्र प्रकाश त्रिपाठी, अनिल कुमार भिराणीया, हनुमान प्रसाद बूंदवाल, मोहन लाल बूंदवाल, मुरारी लाल खण्डेलवाल, शांति लाल देहमन, मोहन लाल सवाड, संजय खुडानिया, देवकी नन्दन धामा, सुरेश कुमार गोठड़ीवाल, संगीता धामा, ललिता लावंडीवाल, गुलाब चन्द रावत सहित समाज के सैंकड़ों लोग उपस्थित रहे।

कार्यक्रम के दौरान अतिथि एवं भामाशाहों को सम्मानित किया।

दुकानों व घरों में चोरी की वारदातों से आमजन परेशान

पावटा। कस्बा सहित आस पास के क्षेत्र में पुलिस की निष्क्रियता के चलते चोरों के हौसले बुलंद है। जिसके चलते शहर से लेकर गांव तक चोरी की घटनाएं बढ़ रही हैं। घटना को अंजाम देने के बाद चोर आसानी से निकल भागते है, लेकिन पुलिस निष्क्रिय बनी हुई है। पिछले एक महीने से चोरी की वारदातें बढ़ी हैं। प्रागपुरा थाना क्षेत्र में अनेक स्थानों पर चोरी की घटनाएं हो चुकी हैं, लेकिन पुलिस किसी भी घटना से पर्दा उठाने में नाकाम ही रही है।

घटनाओं के बाद पुलिस के पास खाली लकीर पीटने के अलावा कुछ भी हाथ नहीं लग पा रहा है। पिछले एक माह में दुकानों व घरों में चोरी की वारदातें हो चुकी हैं। लोगों का कहना है कि पुलिस की निष्क्रियता के चलते यहां वारदातें बढ़ रही हैं। कहा कि पुलिस रात को गश्त के नाम पर खानापूर्ति कर रही है।

पुलिस की सक्रियता बढ़ती है, तो आए दिन शहर में वारदातों को अंजाम दे रहे चोरों को आसानी से पकड़ा जा सकता है। वहीं शहर में इन दिनों बाइक चोर सक्रिय हैं। पिछले कुछ दिनों के आंकड़ों पर गौर करें तो बाइक चोरी की वारदात में एकाएक इजाफा हुआ है। शहर का ऐसा कोई इलाका नहीं है, जहां से बाइक चोरी ना गई हो। भीड़भाड़ और मुख्य बाजार के इलाकों से तो बाइक नजर फेरते ही गायब हो रही हैं। शहर में बाइक चुराने वाला गिरोह सक्रिय है और पुलिस इस मामले में निष्क्रिय बनी हुई है। पुलिस की निष्क्रियता का ही चोर गिरोह फायदा उठा रहा है।

- **पुलिस की निष्क्रियता से शहर में बढ़ रहीं चोरी की वारदातें, चोरी की वारदातें बढ़ीं, अनुसंधान फेल, न चोर पकड़े न पीड़ितों को माल मिला**

बाइक चुराने के बाद चोर इन वाहनों को कहां खपा रहे हैं, यह जांच का विषय है। शहर से प्रतिदिन दो-तीन बाइक की चोरी हो रही है। जिसका प्राथमिकी दर्ज करने के लिए पीड़ित इस थाने से उस थाने का चक्कर लगाते हैं। पुलिस अपराधियों को पकड़ने में विफल है। घटित होने वाले अपराधों के पुलिस थानों में मामले तो दर्ज होते हैं, लेकिन खुलासे नहीं हो पा रहे हैं। पीड़ित अधिकारियों के चक्कर लगाकर थक जाते हैं।

तिजारा में अतिक्रमण पर प्रशासन का चला पीला पंजा

तिजारा। तिजारा में अतिक्रमण के खिलाफ प्रशासन का पीला पंजा चला। तिजारा होली टीबा से लेकर बाईपास स्थित अहिंसा सर्किल तक रोड के दोनों तरफ करीब 40-40 फीट अतिक्रमण हटाकर सड़क को चौड़ा किया जा रहा है। अतिक्रमण हटाए जाने की कार्रवाई से एक दिन पहले सोमवार को प्रशासन की ओर से अतिक्रमण को खुद से हटाने के लिए अनाउंसमेंट करवाया गया था।

प्रशासन के एलाउंसमेंट के बाद भी लोगों ने खुद से अतिक्रमण नहीं हटाया लेकिन मंगलवार को जैसे ही अतिक्रमण हटाने के लिए पुलिस और प्रशासन की टीम पहुंची वैसे ही लोग हरकत में आ गए और दुकानों के सामने लगे तीन शेड सहित चबूतरे खुद ही हटाने लग गए। सड़क के दोनों और पक्के अतिक्रमण को ध्वस्त करने के लिए करीब आठ जेसीबी और दर्जन भर ट्रैक्टर लेकर अधिकारी पहुंचे। जेसीबी की मदद से रोड की जद में आ रहे पक्के अतिक्रमण को तोड़ा गया। ट्रैक्टरों की सहायता से तोड़े गए मलबे व दुकानों के सामने लगे टीन शेड को भरकर बाहर पहुंचाया गया।

एसडीएम संजीव वर्मा ने बताया कि तिजारा में होली टीबा से लेकर अहिंसा सर्किल तक फोर लाइन रोड का निर्माण किया जाना है। पूर्व कांग्रेस सरकार में विधायक रहे संदीप यादव ने रोड निर्माण के लिए 10 करोड रुपए मंजूर करवाए थे। लेकिन रोड के दोनों तरफ भारी अतिक्रमण होने की वजह से रोड का निर्माण शुरू नहीं करवाया जा सका था।

पीडब्ल्यूडी ने प्रशासन से अतिक्रमण हटाने के लिए पत्र लिखकर पुलिस व प्रशासनिक मदद मांगी गई। पुलिस विभाग को पत्र लिखते हुए 35 पुरुष पुलिस कर्मी सहित 15 महिला पुलिसकर्मी जाप्ते के रूप में उपलब्ध करवाए हैं। अतिक्रमण हटाने के लिए तहसीलदार को मोका मजिस्ट्रेट नियुक्त किया गया है साथ ही किसी भी तरह का विरोध होने पर समझाइश कर उसे शांत करने की बात कही गई है।

तिजारा में सड़क के दोनों और अतिक्रमण साफ करती जेसीबी मशीन।

- **आठ जेसीबी मशीन, दर्जन भर ट्रैक्टर व भारी पुलिस बल की मौजूदगी में पक्के अतिक्रमणों को किया गया ध्वस्त**

कार्रवाई के दौरान उपखंड अधिकारी संजीव वर्मा, तहसीलदार कृष्ण कुमार यादव, डीएसपी शिवराज सिंह थाना अधिकारी रामनिवास यादव, सार्वजनिक निर्माण विभाग, अधिशासी अभियंता आदेश कुमार यादव, सहायक अभियंता विकास यादव, आयुक्त मनीष यादव , कनिष्ठ अभियंता मुश्ताक खान,राधे सैनी, सहित अधिकारी मौजूद रहे।

जिला सहकारिता समिति की बैठक आयोजित

कोटपूतली-बहरोड़। जिला कलक्टर श्रीमती कल्पना अग्रवाल की अध्यक्षता में मंगलवार को जिला सहकारिता विकास समिति कोटपूतली-बहरोड की बैठक कलक्टर सभागार में आयोजित की गई।

बैठक में अंतरराष्ट्रीय सहकारिता वर्ष 2025 हेतु सहकारिता कैलेंडर पर चर्चा की गई जिसमें विभाग की कार्य योजना माहवार सम्मिलित की गई है। जिला कलक्टर ने कहा कि अधिकाधिक काश्तकारों को जागरूक कर समिति द्वारा दी जा रही सुविधाओं की जानकारी प्रदान कर लाभान्वित करें। तकनीकी खामियों को दूर कर योजनाओं को किसानों तक पहुंचाए।

उन्होंने जीएसएस इकाइयों पर ई- मित्र व जन औषधि केंद्र स्थापित कर बहुउद्देशीय जीएसएस बनाने की कार्ययोजना की समीक्षा कर आवश्यक दिशा निर्देश प्रदान किए। सहकारिता से संबंधित अन्य मुद्दों पर विस्तृत चर्चा कर समिति में सहकारिता से संबंधित कार्यों पर बल देने व जिले में सहकारिता को समृद्ध बनाने हेतु निर्देश दिए।

सार-समाचार

संत रविदास की जयंती पर सार्वजनिक अवकाश हेतु ज्ञापन दिया

सांभरझील, (निसं)। संत शिरोमणि रविदास महाराज की जयंती पर प्रदेश में सार्वजनिक अवकाश घोषित करने हेतु मुख्यमंत्री से अपेक्षा करते हुए इस आशय का एक अभ्यावेदन सांभर एसडीएम को दिया गया। डॉ बीआर अंबेडकर चेतना समिति ने सरकार से मांग की है कि महान क्रांतिकारी संत, समाज सुधारक, महाकवि रविदास महाराज की जयंती पूरे भारतवर्ष में हर्षोंउल्लास के साथ मनाई जाती है, तथा संत रविदास जयंती के अवसर पर दिल्ली, पंजाब एवं मध्य प्रदेश सरकार द्वारा सार्वजनिक अवकाश घोषित किया गया है। राजस्थान में भी संत रविदास महाराज के करोड़ों अनुयाई है तथा उनकी शिक्षाओं एवं आदर्शों का अनुसरण करते हुए प्रतिवर्ष संत रविदास जयंती मनाई जाती है, इसलिए जन भावनाओं को ध्यान में रखते हुए अन्य महापुरुषों के समान संत शिरोमणि रविदास महाराज की जयंती माघ पूर्णिमा को भी सार्वजनिक अवकाश घोषित कर अनुग्रहित किया जाए। ज्ञापन सौंपने में समिति अध्यक्ष विनोद दुलारिया, मुख्य संरक्षक प्रोफेसर डॉ.ज्ञान प्रकाश दायमा, महासचिव नाथू लाल बेरवाल, प्रतापचंद बासीवाल, नानकराम गेहनोलिया, दिनेश गोठवाल, राहुल परेवा, सुरेंद्र सिंह मीणा, हेमराज मीणा, दीपक कुमार, काशीराम, कल्याण सिंह गुर्जर, मुकेश कुमार मौर्य, अनिल माहेश्वरी, मोहनलाल गर्वा, रवि सांभरिया, विजय उज्जैनिया, भोजराज गेहनोलिया, मिश्रीलाल बोकोलिया, निखिल गेहनोलिया सहित अनेक लोग उपस्थित रहे।

महामंडलेश्वर बालकानंद महाराज का भक्तों ने जगह-जगह किया स्वागत

निवाई। प्रयागराज में आयोजित महाकुंभ में पंचदसनाम जूना अखाड़ा द्वारा महामंडलेश्वर नियुक्त करने के बाद महाराजश्री के तपोस्थली गांव सेदारिया पहुंचने पर भक्तों ने जगह जगह भव्य स्वागत किया। इस दौरान चैनपुरा, भावता व विजय गोविंदपुरा में महाराज का फूल मालाओं से स्वागत किया गया। गांव सेदरिया खुर्द पहुंचने पर हजारों महिला पुरुषों ने महाराजश्री के दंडवत प्रणाम करके जेसीबी मशीन से पुष्प वर्षा करके भव्य स्वागत किया। इस दौरान विशाल भंडारे का आयोजन किया गया। इस अवसर पर सरपंच कानाराम गुर्जर, रामविलास गुर्जर, अरनिया मंडल अध्यक्ष शिवराज लांगडी, एडवोकेट दयाराम गुर्जर, हेमराज गुर्जर, राजाराम गुर्जर व अशोक लंगडी सहित कई श्रद्धालु मौजूद थे।

सोसायटी की बैठक आयोजित

फुलेरा । रेलवे पेंसनर्स सोसायटी शाखा फुलेरा की मासिक बैठक प्रातः 11 बजे शाखा अध्यक्ष रमेश चन्द वर्मा की अध्यक्षता में आयोजित की गई। सर्वप्रथम इस माह दिवगंत पेंसनर्स को 2 मिनट का मौन रख कर श्रद्धांजलि अर्पित की गई। साथ ही शाखा से जुड़े नये सदस्य मोहन सिंह, पांचू लाल, सत्यनारायण, किशन लाल का माला पहनाकर स्वागत किया गया। तत्पश्चात शाखा सचिव लाल चन्द कुमावत ने इस माह की कार्य प्रगति रिपोर्ट सभा के समक्ष रखते हुए बताया, जिन साथियों ने पेन कार्ड को आधार से लिंक नहीं किया है। वह शिघ्रता से करें जिससे बैंक द्वारा काटे जाने वाले टी.डी.एस. से बचा जा सके। वहीं शाखा के कोषाध्यक्ष सी.पी. त्रिपाठी ने सभा को सम्बोधित करते हुए बताया कि रनिंग स्टाफ के एम.ए. सी.पी. के जो केस न्यायालय में विचारधीन थे। उनका निर्णय हो जाने से अब जी.पी. 4600 और 4800 ग्रेड पे के साथ ही एरियर सहित भुगतान इस माह हो चुका है, तथा नये पीपीओ जारी कर दिये गए है। इसके अलावा सभा को महेश सहाय शर्मा, श्याम लाल सैनी, गिरधर गोपाल, कालूराम, रामेश्वर दास ने सम्बोधित किया। जबकि मंच संचालन सी.पी. त्रिपाठी ने किया। इस अवसर पर शेषनारायण सैनी, किशन लाल, दयाल दास, छीतरमल, अब्दुल रशीद, शशि लता देवी, ललित मोहन, भीकम चन्द, सुदर्शन लाल माथुर, श्यामसुन्दर अग्रवाल, गुलाब चन्द श्रीनिवास, अशोक शर्मा, गंगा सहाय परसोया, सत्यप्रकाश सहित अन्य कई लोग उपस्थित रहे।

भाजपाईयो ने मनाई दीनदयाल उपाध्याय की पुण्य तिथि

टोंक। भारतीय जनता पार्टी टोंक द्वारा सर्किट हॉउस में भारतीय जनसंघ के संस्थापक पं. दीनदयाल उपाध्याय की पुण्य तिथि भाजपा जिलाध्यक्ष अजीत सिंह मेहता की उपस्थिति में मनाई गई, सभी कार्यकर्ताओं ने पं. उपाध्याय की तस्वीर पर पुष्प अर्पित किये। इस दौरान भाजपा जिलाध्यक्ष अजीत सिंह मेहता ने कार्यकर्ताओं को सम्बोधित करते हुए कहा कि पं. दीनदयाल उपाध्याय बहुमुखी व्यक्तित्व के धनी थे। उन्होंने अपना पूरा जीवन राष्ट्र निर्माण के लिए समर्पित कर दिया। उन्होंने भारतीय जनसंघ की स्थापना कर एक छोटा सा वृक्ष लगाया था आज वह वृक्ष भारतीय जनता पार्टी के रूप में विश्व की सबसे बड़ी पार्टी बन चुका है। देश के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व एकात्म मानववाद और अंत्योदय का काम साकार हो रहा है, सभी कार्यकर्ता पंडित उपाध्याय को अपना आदर्श मानकर अंतिम छोर पर बैठे व्यक्ति के जीवन स्तर को ऊँचा उठाने के लिए कार्य करें। इस दौरान जिला महामंत्री दीपक संगत, महेन्द्र चौधरी, शैलेन्द्र जैन, रमेश गढ़वाल, जिला प्रवक्ता रामअवतार धाभाई, सुनील जैन, बाबूलाल गुंसारिया, बादल साहू, रामबाबू गुप्ता, विष्णु चावला, गौरव चारण, राजकिशोर गुर्जर, रामराज गुर्जर, विजयराज सिंह, सीताराम चावला, तोसीफ खान, अमजद अली, तारिक, सहित कई कार्यकर्ता मौजूद रहे।

नगरपालिका ने अपनी सम्पति के लगाए बोर्ड

चाकसू। कस्बे के जोगा बाड़ी रोड स्थित वार्ड 12 नया एवं 15 की आत्माराम कालोनी कच्ची बस्ती में लोगो मे उस वक्त अच्छा खासा हंगामा हो गया तब जब उनके मकानों के बाहर नगरपालिका ने अपनी सम्पति होने के बोर्ड लगा दिए । वही नगरपालिका ने लगाए बोर्ड पर लिखा कि उनके मकानों के 14 फरवरी तक रिकार्ड के दस्तावेज जमा करा दे यदि रिकॉर्ड नही दिया तो उक्त जगह की नीलामी कर दी जाएगी । यंहा बता दे कि आत्माराम कालोनी में कई परिवार वर्षों से रह रहे है उनके मकान भी बने हुए यंहा तक कि नगरपालिका ने इन लोगों की सुविधाओं के लिए सड़क व नालियां तक बना रखी है । कालोनी के लोगो ने बताया कि उनके पास परिवार के कार्ड के साथ कई दस्तावेज मौजूद है और वह पुख्ता मकान बनाकर सालों से यंहा निवास कर रहे है अचानक उनके मकानों के बहार नगरपालिका ने संव्य की समाप्ति के बोर्ड लगा दिए जो गरीब लोगों के साथ अन्याय है । गौरतलब है कि अपनी सम्पति को बचाने के लिये आत्माराम कालोनी के लोग नगरपालिका से लेकर वार्ड पार्षद व क्षेत्रीय विधायक तक भाग दौड़ करते नजर आए ।

विकास कार्यों पर होगी चर्चा

नारायणपुर। नगरपालिका मंडल नारायणपुर की बोर्ड बैठक 13 फरवरी को सुबह 10 बजे नगरपालिका सभागार में आयोजित होगी। बैठक की अध्यक्षता चेयरमैन मन्नी देवी करेंगी, जिसमें कई महत्वपूर्ण मुद्दों पर विचार-विमर्श किया जाएगा। इस बैठक में वित्तीय वर्ष 2025-26 के प्रस्तावित बजट की स्वीकृति पर चर्चा होगी, साथ ही नगरपालिका क्षेत्र में नए विकास कार्यों की रूपरेखा तैयार की जाएगी। बैठक में रोशनी और सफाई व्यवस्था, नगरपालिका की आय बढ़ाने के तरीकों, कृषि भूमि एवं आबादी क्षेत्र में पट्टे जारी करने तथा पालिका क्षेत्र में ले-आउट (सुमोटो) प्लान पर भी मंथन होगा। इसके अलावा, वार्षिक निविदाएं, तंबाकू लाइसेंस प्रणाली और अमृत मिशन योजना के तहत नाला निर्माण की डीपीआर तैयार करने जैसे विषयों पर भी विचार किया जाएगा। बैठक में क्षेत्रीय विधायक देवीसिंह शेखावत की उपस्थिति भी रहेगी, जिससे इस बैठक का महत्व और बढ़ जाता है। नगरपालिका द्वारा लिए गए निर्णयों का सीधा असर नगर के विकास और नागरिक सुविधाओं पर पड़ेगा, इसलिए नगरवासियों की नजर इस महत्वपूर्ण बैठक पर बनी हुई है।